# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (01.12.2024)


**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE : 01.12.2024, PAGE-06**


# एमएड में दाखिले के लिए घटा कटऑफ

मुजफ्फरपुर, प्रसं। बीआरएबीयू में एमएड में दाखिले के लिए पांच नंबर कटऑफ की कमी की गई है। दाखिले के लिए अब दूसरी लिस्ट जारी की जाएगी। कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय की अध्यक्षता में शनिवार को हुई परीक्षा बोर्ड की बैठक में यह फैसला लिया गया। दाखिले के लिए पहले 45 क्वालिफाइंग अंक था, उसे अब 40 कर दिया गया है। एमएड में इस वर्ष 150 सीटों पर सिर्फ 77 छात्र ही पास कर सके थे।

विवि में एमएड की पढ़ाई तीन कालेजों में होती है। सभी कॉलेजों में 50-50 सीटें हैं। कम छात्रों के प्रवेश परीक्षा पास करने से कॉलेजों में सीटें खाली रह गई थीं। सीटों को भरने के लिए कटऑफ अंक में कमी की गई है। एमएड के अलावा तीन वर्षीय और पांच वर्षीय लॉ में भी कटऑफ में पांच फीसदी की कमी की गई है। सभी वर्गों में पांच फीसदी कम पर कटऑफ जारी किया जाएगा। लॉ प्रवेश परीक्षा का रिजल्ट इसी हफ्ते जारी किये जाने की उम्मीद है। बैठक में परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुबालाल पासवान, प्रो. शिवानंद सिंह, प्रो. सतीश राय, डिप्टी कंट्रोलर डॉ. रेणुबाला मौजूद रहीं।

**गलत फार्म भराने पर कॉलेज से ली जाएगी जानकारी:** बैठक में एलएस कॉलेज के एक छात्र के गलत परीक्षा फार्म भराने के मामले पर भी चर्चा हुई। बैठक में तय किया गया कि कॉलेज से इस बारे में जानकारी ली जाए कि छात्र ने गलत विषय परीक्षा फार्म में कैसे भरा। इसके अलावा एक छात्र एक नंबर से फेल था और रिजल्ट में पास था। परीक्षा बोर्ड में तय किया गया कि उसे पास कर दिया जाए और मामले में टेबुलेटर से जवाब तलब किया जाए।

**नहीं मिल रहा टीआर:** परीक्षा बोर्ड की बैठक में वर्ष 2014-15 में पीएचडी करने वाले छात्रों के टीआर के नहीं मिलने का भी मामला उठा।

## बीएड के कुछ छात्रों की होगी विशेष परीक्षा

बैठक में तय किया गया कि सत्र 2017-19 के बीएड के कुछ छात्रों की विशेष परीक्षा ली जाए। इन छात्रों की परीक्षा लेने का आदेश हाईकोर्ट ने भी दिया है। कोर्ट के आदेश के आलोक में विवि इन छात्रों की विशेष परीक्षा कराएगा। इसके अलावा तय किया गया कि छात्रों का फॉर्म सही तरीके से भराने के लिए रिजल्ट को यूएमआईएस के पास भेजा जाए ताकि छात्रों के रिजल्ट का मिलान हो सके। परीक्षा बोर्ड की बैठक में पेंडिंग नहीं हो इसके लिए सभी उपाय करने के निर्देश दिये गए। डिप्टी कंट्रोलरों ने डिग्री सुधार और पेंडिंग सुधार में हुई प्रगति के बारे में जानकारी दी।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE : 01.12.2024, PAGE-06

# एलएलबी में पांच व एमएड में 10% कटआफ कम

## बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में कुलपति की अध्यक्षता में परीक्षा बोर्ड की हुई बैठक, लिया गया निर्णय

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर:** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के एलएलबी और एमएड कोर्स में नामांकन के लिए कटआफ घटाया गया है। एलएलबी और प्री ला प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए निर्धारित कटआफ में पांच प्रतिशत तो एमएड प्रवेश परीक्षा में निर्धारित कटआफ में 10 प्रतिशत कमी गई है। ला प्रवेश परीक्षा का परिणाम अगले सप्ताह जारी होगा। इस तरह तीन वर्षिय और पांच वर्षिय ला कोर्स प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी होने से पहले परीक्षा बोर्ड ने इसे मंजूरी प्रदान कर दी है।

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में शनिवार को कुलपति प्रो. डीसी राय की अध्यक्षता में परीक्षा बोर्ड की बैठक हुई। इसमें तय हुआ कि ला प्रवेश परीक्षा में सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों के लिए क्वालीफाइंग अंक पहले 50 प्रतिशत निर्धारित था। इसे घटाकर अब 45 प्रतिशत कर दिया गया है। इसी तरह ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थी 45 की जगह 40, एससी और एसटी वर्ग के लिए 40 की जगह 35 प्रतिशत अंक पर क्वालीफाई कर सकेंगे। इसी आधार पर विश्वविद्यालय की ओर से परिणाम जारी किया जाएगा। पहली बार विश्वविद्यालय स्तर से ला कोर्स में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया है। एमएड और ला कोर्स में नामांकन के लिए कटआफ को केवल इसी वर्ष के लिए कम किया गया है। अगले वर्ष किसी तरह की छूट नहीं मिलेगी। इस पर परीक्षा बोर्ड के सदस्यों ने सहमति प्रदान की है।

बताया जा रहा है कि एमएड और ला की प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए 50 प्रतिशत अंक हासिल करना अनिवार्य था। इस आधार पर पहले एमएड की प्रवेश परीक्षा ली गई। प्रवेश परीक्षा का परिणाम 50 प्रतिशत अंक के आधार पर जारी किया गया तो तीन कालेजों में उपलब्ध कुल सीटों के मुकाबले काफी कम संख्या में विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। इस कारण तीन कालेजों में सीटें खाली रह गईं। ला की प्रवेश परीक्षा भी विश्वविद्यालय स्तर से कराई जा चुकी है। पहले ही करीब छह महीने से अधिक समय की देरी से ला की प्रवेश परीक्षा कराई गई। ऐसे में ला की प्रवेश परीक्षा में भी अगर 50 प्रतिशत अंक को उत्तीर्ण होने के लिए आवश्यक बनाया जाता तो काफी संभव था कि पांच वर्षीय और तीन वर्षीय ला कोर्स में भी आधा दर्जन से अधिक कालेजों की सीटें खाली रह जातीं। इसी को देखते हुए विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग के स्तर से ला में नामांकन के लिए कटआफ को कम करने का प्रस्ताव तैयार किया गया था। परीक्षा नियंत्रक डा. सुबालाल पासवान ने बताया कि परीक्षा बोर्ड की बैठक में कई अहम निर्णय लिए गए हैं। इसमें ला और एमएड में नामांकन के लिए कटआफ कम करना शामिल है। बैठक में सभी संकायाध्यक्ष भी उपस्थित हुए।

**टेबुलेटर से होगा स्पष्टीकरण :** एमजेके कालेज बेतिया के छात्र का परिणाम टेबुलेटर की गलती से पेंडिंग हो गया था। मामले को परीक्षा बोर्ड में रखा गया। तय हुआ कि टेबुलेटर से स्पष्टीकरण पूछा जाएगा। छात्र ने गणित विषय से टीडीसी पार्ट टू और थर्ड की परीक्षा दी। भूलवश टेबुलेटर ने प्रथम वर्ष के अंक पत्र पर प्रतिष्ठा के विषयों (पेपर वन और टू में) में 89 अंक कर दिए, जबकि उसे पास होने के लिए 90 अंक चाहिए था। इस आधार पर उसे पार्ट टू और पार्ट थर्ड के अंकपत्र पर पास लिख दिया गया, लेकिन तकनीकी रूप से छात्र पार्ट वन में उत्तीर्ण नहीं हुआ था। दूसरी ओर एलएस कालेज के केमिस्ट्री के छात्र ने फार्म भरने में गड़बड़ी कर दी। केमिस्ट्री के साथ दूसरे विषय का चयन सब्सिडियरी के रूप में कर दिया गया। इस कारण उसका रिजल्ट पेंडिंग है। बोर्ड के सदस्यों ने कहा कि परीक्षा फार्म का कालेज के स्तर से सत्यापन नहीं कराया गया। ऐसे में इस मामले में कालेज से जवाब मांगा जाएगा।

**एक और दो अंक से फेल छात्र नहीं होंगे पास:** बैठक में विभिन्न परीक्षाओं में एक और दो नंबर से फेल हुए छात्रों को पास करने का मुद्दा उठाया गया। सदस्यों ने इसे खारिज कर दिया। पिछले दिनों विश्वविद्यालय स्तर से जारी हुए परिणाम में कई छात्र एक या दो नंबर से फेल हो गए थे। उन्हें पास करने का प्रस्ताव परीक्षा बोर्ड से पास नहीं हो सका।

**40** प्रतिशत अंक एमएड प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए जरूरी, केवल इसी वर्ष के लिए कम किया गया है कटआफ

- ला प्रवेश परीक्षा का अगले सप्ताह जारी होगा परिणाम, इसी आधार पर होगा नामांकन
- 50 प्रतिशत अंक के आधार पर परिणाम जारी करने के बाद तीन कालेजों में खाली रह गई सीटें



### अब 15 तक स्नातक थर्ड सेमेस्टर में नामांकन

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर :** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय ने चार वर्षीय स्नातक कोर्स के थर्ड सेमेस्टर में नामाकन के लिए तिथि बढ़ा दी है। विद्यार्थी अब 15 दिसंबर तक संबंधित कालेजों में नामाकन करा सकेंगे। कुलपति के आदेश से यह तिथि विस्तारित की गई है। दूसरी ओर बताया जा रहा है कि 10 दिसंबर से पहले हर हाल में स्नातक सेकेंड सेमेस्टर का परिणाम जारी कर दिया जाएगा। परीक्षा विभाग की ओर से इसपर मंथन किया गया है। दूसरी ओर कई कालेज लगातार विश्वविद्यालय में फोन कर क्रेडिट की जानकारी हासिल कर रहे हैं। प्राचार्यों का कहना है कि स्नातक थर्ड सेमेस्टर में पहुंचने के लिए छात्र को प्रथम और द्वितीय सेमेस्टर को मिलाकर कुल 28 क्रेडिट हासिल करना अनिवार्य होगा। उनकी चिंता इस बात को लेकर है कि अब तक स्नातक सेकेंड सेमेस्टर का परिणाम ही जारी नहीं हुआ है। अगर किसी छात्र का नामांकन थर्ड सेमेस्टर में हो जाएगा और वह सेकेंड सेमेस्टर के परिणाम में निर्धारित क्रेडिट हासिल नहीं कर पाएगा तो परेशानी बढ़ सकती है। दूसरी ओर चार वर्षीय स्नातक प्रथम सेमेस्टर में अब तक 1.40 लाख विद्यार्थियों ने परीक्षा फार्म भर लिया है। बताया जा रहा है कि बीते 24 घंटों में करीब 60 हजार विद्यार्थियों का परीक्षा फार्म अपडेट हुआ है।

### अंगीभूत कालेजों के शिक्षकों का होगा स्थानांतरण

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर:** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में पीजी विभागों में शिक्षकों का स्थानांतरण पूरा होने के बाद अब अंगीभूत कालेजों के शिक्षकों का भी तबादला होगा। इसके लिए विश्वविद्यालय की ओर से शनिवार को आदेश जारी किया गया है। अंगीभूत कालेजों के शिक्षक मनचाहा कालेज में अपना ट्रांसफर कराने के लिए आवेदन दे सकेंगे। इसके लिए उन्हें 10 दिसंबर तक आवेदन करना होगा। इसके लिए यह जरूरी होगा कि वे वर्तमान में जिस कालेज में हैं, वहां के प्राचार्य की अनुशंसा जरूरी होगी। सभी दस्तावेज के साथ रजिस्ट्रार कार्यालय में आवेदन देना होगा।

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE: 01.12.2024, PAGE-04**

## कॉलेजों में शिक्षकों का होगा तबादला

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू के विभिन्न अंगीभूत कॉलेजों में नियुक्त शिक्षकों का भी तबादला किया जायेगा.विवि की ओर से शनिवार को इसको लेकर पत्र जारी किया गया है. कहा गया है कि अंगीभूत कालेजों के शिक्षक मनचाहे कॉलेज में ट्रांसफर के लिए आवेदन दे सकते हैं. इसके लिए 10 दिसंबर तक समय दिया गया है. वर्तमान में नियुक्त कॉलेज के प्राचार्य की अनुशंसा के बाद ही वे आवेदन कर पायेंगे. इसके साथ ही सभी दस्तावेज के साथ शिक्षकों को ट्रांसफर के लिए रजिस्ट्रार कार्यालय में आवेदन करना होगा.

## बीएड की रिक्त सीटों पर दूसरी सूची जारी

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू की ओर से चार वर्षीय बीएड कोर्स में रिक्त सीटों पर दाखिले के लिए दूसरी सूची जारी कर दी गयी है. सूची में चयनित छात्र-छात्राएं सोमवार से नामांकन आवंटित कॉलेज में दाखिला ले सकते हैं. पहली सूची से नामांकन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद चारों कॉलेजों को मिलाकर कुल 135 सीटें रिक्त रह गयी हैं. कॉलेजों को कहा गया है कि वे नामांकन लेने के साथ ही प्रतिदिन इसकी रिपोर्ट विश्वविद्यालय को दें. 400 सीटों पर दाखिले के लिए यह प्रक्रिया चल रही है.

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE : 01.12.2024, PAGE-04

# लॉ व प्री लॉ का कम किया गया कटऑफ, शीघ्र आयेगा रिजल्ट

- वीसी की अध्यक्षता में परीक्षा बोर्ड की बैठक, लिये गये कई निर्णय

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू में कुलपति प्रो दिनेश चंद्र राय की अध्यक्षता में परीक्षा बोर्ड की बैठक बुलायी गयी. इसमें लॉ और प्री लॉ कोर्स में दाखिले के लिए कटऑफ कम करने से लेकर एमएड में दाखिले व अन्य मुद्दों पर चर्चा की गयी. बताया गया कि लॉ की प्रवेश परीक्षा का परिणाम बनकर तैयार है शीघ्र इसे जारी किया जायेगा. बैठक में चर्चा की गयी कि लॉ कोर्स के लिए पांच प्रतिशत तक की छूट दी गयी है. अधिक कटऑफ के कारण काफी कम स्टूडेंट्स का नामांकन हो पाता और सीटें रिक्त रह जातीं. इसको देखते हुए कटऑफ कम करने पर सहमति बनी है. बैठक में चार व्यक्तिगत मामलों पर भी चर्चा की गयी.

एलएलबी व प्री लॉ की प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी करने से पहले क्वालिफाइंग मार्क्स में 5 फीसदी की छूट देने पर बोर्ड की सहमति मिली है. सामान्य वर्ग के लिए पहले 50 प्रतिशत लाना अनिवार्य था. इसे घटाकर 45 प्रतिशत किया गया है. ओबीसी अभ्यर्थी को 45 की जगह पर 40 और एससी-एसटी के लिए क्वालिफाइंग मार्क्स 40 की जगह 35 प्रतिशत कर दिया गया है. नामांकन के लिए इसी आधार पर मेधा सूची जारी की जाएगी. एमएड के इंट्रेंस टेस्ट में क्वालिफाइंग मार्क्स 40 प्रतिशत करने पर सहमति बनी है. पहले यह 50 प्रतिशत निर्धारित थी. बैठक में परीक्षा नियंत्रक डॉ सुबालाल पासवान सहित सभी संकायाध्यक्ष मौजूद थे.

## एक-दो अंक से फेल छात्रों को पास करने का प्रस्ताव कर दिया अस्वीकृत

बैठक में एक–दो अंक से फेल हुए छात्रों को पास करने के प्रस्ताव पर चर्चा की गयी, लेकिन सदस्यों की असहमति के कारण इस मुद्दे को अस्वीकृत कर दिया गया . ऐसे में बोर्ड की बैठक की प्रतीक्षा कर रहे सैंकड़ों ऐसे छात्रों को झटका लगा है . बोर्ड में अन्य कई एजेंडे पर भी चर्चा की गयी . बेतिया के एमजेके कॉलेज के छात्र का परिणाम टैबुलेटर की गलती के कारण पेंडिंग होने के मामले में टैबुलेटर से लापरवाही को लेकर स्पष्टीकरण पूछने पर सहमति बनी . छात्र गणित से स्नातक कर रहा था . द्वितीय वर्ष में ऑनर्स पेपर में उसे एक अंक कम दे दिया . इस कारण छात्र के तृतीय वर्ष के अंकपत्र पर पास लिख दिया . कई कॉलेजों में सब्जेक्ट कंबिनेशन में गड़बड़ी के कारण भी परिणाम फंसने की शिकायत पर भी चर्चा की गयी .यह भी निर्णय लिया गया कि इंटरनल एग्जामिनर को अब रेमुनरेशन दिया जाएगा . तीसरे सेमेस्टर में नामांकन की तिथि 15 दिसंबर तक बढ़ाने, प्रैक्टिकल में इंटरनल मूल्यांकन कराने पर सहमति बनी है . वहीं कॉपियों की जांच में एक साथ सभी शिक्षकों से रोका गया है .